## खबर संक्षेप

### 12 आंगनबाडी सहायिका के पद पर आवेदिकाओं का किया चयन

**छिन्दवाड़ा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना छिंदवाड़ा (ग्रामीण) में परियोजना स्तरीय चयन समिति द्वारा 13 आंगनवाड़ी केन्द्रों में रिक्त पदों की पूर्ति के लिये आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के एक पद और 12 आंगनवाडी सहायिका के पद पर आवेदिकाओं का अनंतिम चयन किया गया है । इस संबंध में अन्य आवेदक आगामी 19 जनवरी तक परियोजना के हायर सेकण्डरी स्कूल सारना बाजार चौक छिंदवाड़ा स्थित कार्यालय में अपने दावे/आपत्ति तथ्यात्मक दस्तावेज के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं । एकीकृत बाल विकास परियोजना छिंदवाड़ा (ग्रामीण) की परियोजना अधिकारी ने बताया कि आंगनवाड़ी केन्द्र भूला में कु.करिश्मा ठाकुर का आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा आंगनवाड़ी केन्द्र जटलापुर में श्रीमती सरीता उईके, ककई में श्रीमती सावित्री यादव, उमरिया इसरा क्रमांक-2 में श्रीमती काशी नांदेकर, भैसादण्ड क्रमांक-एक में कु.भारती खलोटे, थुनिया उदना क्रमांक-एक में श्रीमती प्रार्थना चौरे, चौसरा में श्रीमती बबीता कवरेती, बीजेपानी में कु.शेषकुमारी सल्लाम, रामगडी में श्रीमती रश्मि बरकडे, सुसरई में श्रीमती सुलेखा सरयाम, मदनपुर में श्रीमती कविता डेहरिया, थावरीकला क्रमांक-एक में कु.रेशमी कुमरे और काराघाट में श्रीमती रोशनी डेहरिया का आंगनवाडी सहायिका के पद पर अनंतिम चयन किया गया है ।

### सौंसर में बनाये गये 203 निःशुल्क लर्निंग लायसेंस

**छिन्दवाड़ा।** परिवहन आयुक्त द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में छिंदवाड़ा जिले के परिवहन विभाग द्वारा आज पांढुर्णा जिले के शासकीय महाविद्यालय सौंसर में छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों से अवगत कराने के साथ ही ड्रायविंग लायसेंस बनवाने के लिये प्रेरित किया गया। साथ ही 203 निःशुल्क लर्निंग लायसेंस बनाये गये।अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री मनोज कुमार तेहनगुरिया ने बताया कि 11 से 17 जनवरी 2024 के बीच सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत युवाओं को सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूक करने और ड्रायविंग लायसेंस बनवाने के लिये प्रतिदिन विभिन्न शासकीय विद्यालयों और महाविद्यालयों में शिविर लगाए।

### समय सीमा समाप्त, हाईकोर्ट ने 15 जनवरी तक का दिया था समय

# हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट के लिए जिले में मारामारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

वाहनों में सिक्युरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट को लेकर पूरे प्रदेश के साथ साथ जिले में भी मारा मारी मची है। जबकि हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार 15 जनवरी तक सभी वाहनों में नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य है। जिले में लगभग पांच लाख वाहन है जिनमें नंबर प्लेट लगना है परंतु अभी तक केवल पचास हजार हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट ही लग सकी है। दरअसल हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट लगवाने से छूट रहे वाहनों की




संख्या काफी ज्यादा है। ऐसे में परिवहन विभाग हाईकोर्ट से समय सीमा बढ़ाने की मांग कर सकता है।

#### लोगों कम कम रूचि है एक बड़ा कारण

दरअसल हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट लगवाने को लेकर रूचि कम दिखाई दे रही है। समय रहते आवेदन भी नहीं किए गए है और वाहन चालक चालान के डर से और अन्य जिलों में हो रही सख्ती के डर से बचने के लिए बड़ी संख्या में आवेदन तो कर रहे है परंतु प्लेट निर्माता कंपनी इतनी गति से नंबर प्लेट बनाने काम नहीं कर पा रही है। अगर पुलिस ने सख्ती की तो पांच सौ रूपए का चालान वाहन चालक को देना होगा।

#### क्या है नियम

एक अप्रैल 2019 के पहले पंजीकृत वाहनों में हाई सिक्युरिटी प्लेट लगाया जाना है वर्ष 2014 में इसे बनाने वाली कंपनी का ठेका निरस्त होने के कारण ऐसे वाहनों की संख्या काफी बढ़ गई है जिसमे यह नंबर प्लेट नहीं है। कई सालों तक मामला कानूनी लड़ाई में भी उलझा रहा। वाहनो पर हाई सिक्युरिटी प्लेट लगाने की अनिवार्यता में एक महीने की छूट मिली हुई है क्योंकि यह तिथि पहले 15 दिसंबर 2023 तय की गई थी। हाईकोर्ट के आदेश के परिपालन में 15 जनवरी तक भी हाई सिक्युरिटी प्लेट लगाना भी संभव नहीं हो पाया। ऐसे में परिवहन विभाग के पास हाईकोर्ट के सामने समय सीमा बढ़ाने के अलावा अब कोई विकल्प नहीं बचा है।

#### ऐसा होता है आवेदन

हाई सिक्युरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट एचएस आरपी लगाने के लिए परिवहन विभाग की वेबसाईट पर जाना होता है। यहां बुक एचएसआरपी का लिंकमिलता है। इसे क्लीक करने के बाद सोसायटी आफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफेक्चर एसआईएम की साइट खुल जाती है। यहां कई तरह की जानकारियां देकर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। एसआईएस नेशनल ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री के प्रतिनिधित्व करने वाला संगठन है। लोग भी बैठे रहे अब आवेदनों की संख्या ज्यादा हो गई। तब लोग नंबर प्लेट के लिए दौड़ रहे है। प्लेट लिए जाने के लिए ऑनलाईन प्रक्रिया भी इसलिए लागू की गई है ताकि लोग आसानी से आवेदन कर सके। परंतु लोगों ने समय रहते तो आवेदन नहीं किया जिससे अचानक बड़ी संख्या में मांग करने वालों का दबाव बढ़ गया। वाहन मालिकों को प्लेट की अनिवार्यता और ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया नहीं समझ में आने के कारण भी हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट का काम पिछड़ता चला गया। अब देखना यह है कि परिवहन विभाग इस विकराल आंकडे को कैसे प्लेट लगवाकर खत्म करता है।

### चौरई अधिवक्ता संघ से मिले ज़िला भाजपा अध्यक्ष

## कानून विदो को मेरा हर संभव सहयोगः बंटी साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

कानून विदो को मेरा हर संभव सहयोग हमेशा रहेगा। यह बात विवेक बंटी साहू ने अधिवक्ताओं से चर्चा के दौरान कही। ज़िला भाजपा अध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने तहसील अधिवक्ता संघ चौरई के पदाधिकारियों और सदस्यों से सौजन्य भेंट की। मंगलवार को अपने चौरई प्रवास के दौरान भाजपा ज़िला अध्यक्ष अधिवक्ता कक्ष पहुंचे और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने तहसील अधिवक्ता संघ को हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर चौरई तहसील अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एडवोकेट शारदा प्रसाद तिवारी, उपाध्यक्ष आरएन सिंह ठाकुर, कृष्ण कांत वर्मा, सचिव ब्रजेश सिंह ठाकुर, (अज्जू), वर्षा वर्मा, राम कुमार जम्होरे, प्रदीप विश्वकर्मा, विशाल कहार, राधेश्याम साहू, आशीष मालवी, बलराम पाल, धर्मेंद्र ठाकुर, रवींद्र पाल, निशांत शर्मा, महेंद्र वर्मा, राजेश साहू, संदीप मालवीय, जितेंद्र निवारे, आनंद डेहरिया, अमन राजपाल, ब्रजेश चौरिया, आरडी वर्मा, रामप्रसाद वर्मा, सुरेंद्र शर्मा सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने राम मंदिर में की साफ-सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

अयोध्या में 22 जनवरी को प्रस्तावित भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तारतम्य में राज्य शासन के निर्देशों के अनुसार छिंदवाड़ा जिले में भी सभी महत्वपूर्ण मंदिरों की साफ-सफाई के लिए स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर श्री मनोज पुष्प आज छिंदवाड़ा शहर की छोटी बाजार स्थित राम मंदिर पहुंचे और जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों के साथ श्रमदान कर मंदिर परिसर की सफाई की। इस दौरान जिला आपदा प्रबंधन समिति के सदस्य श्री विवेक साहू, श्री रमेश पोफली व श्री रोहित पोफली सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, सत्य धर्म मंडल ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री हरि ओम सोनी, अपर कलेक्टर श्री के.सी. बोपचे व नगरपालिक निगम के आयुक्त श्री राहुल सिंह सहित पार्षद श्रीमती किरण हरिओम सोनी, श्री कृष्णा सेठिया, श्री दिनेश चौबे, श्री राकेश साहू, श्री संजय सोनी, श्री मनोज चौरसिया एवं श्री राम मंदिर के पुजारी पंडित नंदकिशोर शास्त्री उपस्थित रहे।इसके साथ ही अन्य शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों ने भी मंदिर परिसर की सफाई के लिए श्रमदान किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री मनोज पुष्प ने बताया कि भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तारतम्य में शासन के निर्देशानुसार जिले में भी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत धार्मिक स्थलों, मंदिरों, शासकीय कार्यालयों की साफ-सफाई की जा रही है।

### वाहनों की जांच में 3 वाहनों से लिया गया 17800 रूपये जुर्माना

**छिन्दवाड़ा।** परिवहन आयुक्त द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में छिंदवाड़ा जिले के परिवहन विभाग के परिवहन जांच दल द्वारा आज पांढुर्णा जिले के नागपुर-पांढुर्णा मार्ग पर वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान जिन वाहन संचालकों द्वारा मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन पाया गया, उन वाहनों पर तत्काल चालानी कार्यवाही करते हुए 3 वाहनों से 17800 रूपये जुर्माना लिया गया।


### विशाल एकता तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे फिल्म अभिनेता शहबाज खान

**छिंदवाड़ा।** हिन्द की सेना छिन्दवाड़ा के जिलाध्यक्ष ललित हरदेना एवं प्रभारी यश मेहरोलिया ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी दिनांक 26 जनवरी 2024 (गणतंत्र दिवस) के उपलक्ष्य में विशाल जन एकता तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है । इस अवसर पर मुख्य आकर्षण का केन्द्र वालीवुड सेलीबिटी टी.वी.एक्टर फिल्म अभिनेता शहबाज खान उपस्थित रहेंगे । शहबाज ने सबसे ज्यादा निगेटिव रोल में लोकप्रियता हासिल की है, वे टी.वी. सीरियल चन्द्रकांता से काफी मशहूर हुये हैं । इसके अलावा उन्होंने अनेक फिल्मों में मुख्य किरदार निभाया है । श्री हरदेना ने बताया कि यह तिरंगा यात्रा दिनांक 26 जनवरी गणतंत्र दिवस दिन शुक्रवार को प्रातः 10 बजे स्थानीय दशहरा मैदान से प्रारंभ होकर, चंदनगांव, ई.एल.सी.,बस स्टैण्ड होकर खजरी (रानी दुर्गावती चौक) में समापन होगा।



## काटे गए में 10 नल कनेक्शन

**छिंदवाड़ा।** आयुक्त राहुल सिंह द्वारा तय समय पर संपत्ति कर एवं जलकर जमा न करने वाले उपभोक्ताओं पर सख्ती से वसूली करने के निर्देश दिए गए है। इन निर्देशों के पालन में राजस्व निरीक्षकों द्वारा विभिन्न वार्डो में कर जमा नही करने पर नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को कुकड़ा जगत जोन के वार्ड क्रमांक 7 में हुए राजस्व निरीक्षक ऋषभ स्थापक ने जलकर जमा न करने पर 2 कनेक्शन विच्छेद किए। इस कार्यवाही में वार्ड एआरआई आशीष तिवारी, जलकर वसुलीकर्ता सुनील राजपूत, किशोर सोनेकर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।इसी प्रकार जगन्नाथ जोन में सहायक राजस्व निरीक्षक रामनारायण कहार ने तीन नल कनेक्शन को कर जमा न करने पर विच्छेद किया। आयुक्त के निर्देश पर यह कार्यवाही प्रतिदिन की जा रही है।




### निगम सभाकक्ष में जनसुनवाई के माध्यम से लोगों की सुनी समस्याएं

**छिंदवाड़ा।** मंगलवार नगर पालिक निगम आयुक्त राहुल सिंह के निर्देशानुसार निगम उपायुक्त कमलेश निरगुडकर द्वारा नगर निगम सभाकक्ष में जन सुनवाई में लोगो की समस्या सुनी। जनसुनवाई मे पट्टा, आवास सम्बंधित एक आवेदन प्राप्त हुआ जिसका निराकरण जल्द किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

### भंदारगोंदी में सरपंच बिना प्रस्ताव के खाते से निकाल रहे राशि

**पांढुर्ना** :-विकासखंड के ग्रामपंचायत भंदारगोंदी में सरपंच द्वारा उपसरपंच एवं पंचों को विश्वास में नहीं लेकर अपनी मनमर्जी से पंचायत चलाए जाने का आरोप लगाते हुए इस बाबत कलेक्टर से सामुहिक शिकायत की गई है। शिकायत के अनुसार 15 वें वित्त की प्राप्त राशि पंचायत को प्राप्त हुई थी जिसमें मोक्षधाम में सीसी रोड एवं तेजराव ठाकरे के कोठे से गणेश ढोमने के मकान तक नाली निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गया था। लेकिन सरपंच ने इस बारे में आज तक कोई टीसी नहीं ली है। इसके साथ ही आरोप लगाया गया है कि ग्रामपंचायत के बैंक अकाऊंट में जमा राशि आचार संहित के दौरान बिना कोई प्रस्ताव लिए निकालकर राशि का दुरूपयोग किया गया है। शिकायत में आरोप लगाया है कि मनरेगा के निर्माण कार्यों में भी सरपंच मनमर्जी से गलत लोगों की हाजरी लगाकर स्वयं ही राशि आहरित कर रहा है। पूर्व सरपंच के कार्यकाल में किए गए निर्माण कार्यों पर ग्राम के मजदूरों को ले जाया जाता हैऔर फोटो खींचकर राशि निकाल ली गई है। इसके अलावा भी अनेक कार्यों में धांधली की जा रही है। कलेक्टर को शिकायत करते समय उपसरपंच भुवन बेलखडे, गणपती डोइजोड, धनराज सहारे, निलेश कलसकर, बाबुराव, रामकृष्णा, मारोती, भावेश बेलखडे, रामनाथ डोइजोड, शेषराव सहारे, पंकज डोइजोड, देवीदास राऊत, संजय तथा निखिल बेलखडे मौजूद थे।



## धनगर पाल समाज ने जमीन आवंटन को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिला धनगर पाल समाज संगठन छिन्दवाड़ा के जिलाध्यक्ष श्री हरिराम पाल एवं अखिल भारतीय पाल समाज महासभा के प्रदेश मंत्री श्री राजेश पाल बाबाजी एवं राष्ट्रीय महासचिव श्री मुन्नालाल पाल द्वारा अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा गया । जिसमें प्रमुख मांग राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाली लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर जी की प्रतिमा स्थापना एवं वाटिका बनाने हेतु शासकीय जमीन वार्ड नं. 03 खजरी गाड़रीढ़ाना छिन्दवाड़ा में आवंटित करने हेतु मांग की गयी। इस अवसर पर शिवराम पाल जी ,सुरेश पाल ,प्रकाश पाल ,कमल पाल ,सुरेन्द्र पाल ,अंकित पाल, सुदामा पाल आदि समस्त सामाजिक बंधुओं की उपस्थित में ज्ञापन सौंपा गया ।

## छात्राओं ने किया वेटलैंड बचाओ अभियान का आगाज

**दो फरवरी को किया जाता है आयोजन, गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने दिया सहयोग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा की प्राचार्य डॉ. पम्मी चावला के निर्देशन एवं ईको क्बल प्रभारी डॉ. नीलिमा बागड़े के मार्गदर्शन में महाविद्यालय की ईको क्लब की छात्राओं ने पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली एवं एप्को भोपाल के संहयोग से चलाये जा रहे अभियान ₹वेटलैंड बचाओं₹ नामक एक जन आन्दोलन अभियान दिनांक 15 जनवरी से 25 जनवरी 2024 का अगाज करते हुए छात्राओं द्वारा पेंच नदी का भ्रमण कर नदी के किनारे व रेत पर पिकनीक पर आने वाले लोगो द्वारा फैलाएं गए प्लास्टिक व अन्य कचरे की साफ सफाई की गई व उसे डस्टबीन में सुचारू रूप से डाला गया।

प्रतिवर्ष 2 फरवरी को विश्व वेटलैंड दिवस का आयोजन किया जाता है जिसमें सभी जल स्त्रोतो का संरक्षण हमारा दायित्व है ये जल स्त्रोत हमारे जीवन के लिए आवश्यक है। पृथ्वी से जल स्त्रोतो का धीरे धीरे खत्म होना हमारे जीवन के अस्तित्व का खतरा है इसलिए इसमें जनभागीदारी के माध्यम से हम अपने जल स्त्रोत जैसे नदी, तालाब, दलदली क्षेत्र, बावड़ी एवं कुओं की साफ सफाई कर उन्हें पुर्नजीवित करना हम सबका दायित्व है। इस प्रकार ₹वेटलैंड्स एंड हूमन वैलविंङ्ग₹ का संदेश देते हुए छात्राओं ने अभियान का अगाज किया और सभी से अपने जल स्त्रोतो को बचाने का आव्हान किया। इस कार्यक्रम में प्राणीशास्त्र के अतिथि विद्वान श्री हरिश्वर भारती एवं प्रीतिकिरण लोधी ने संहयोग प्रदान किया।

## श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भव्यता से मनाने दिया सन्देश

**रामधुन और प्रभात फेरी में जन अभियान परिषद निभा रही सक्रिय सहभागिता**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा द्वारा सोमवार को मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला छिंदवाड़ा के विकासखंड द्वारा जिला समन्वयक कुलदीप सिंह ठाकुर एवम ब्लाक समन्वयक अखिलेश जैन, बहुउद्देशीय शैक्षणिक विकाश समिति के अध्यक्ष वी के तिवारी के मार्गदर्शन में परामर्शदाता तृप्ती सिंह व आशीष साहू सहित समस्त मेंटर्स बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट नवांकुर संस्था के द्वारा वार्ड न. 25 वाले दुर्गा मंदिर में श्री राम धुन प्रभात फेरी में सहयोग प्रदान किया गया एवं अन्य लोगों को भी प्रभात फेरी में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित किया गया जिसमें एम एस डब्लू की छात्रा संध्या साहू व दुर्गा समिति के सदस्य प्रदिप साहू , चंचलेश जी ,श्री गोलू जी ,युग तथा बहउद्देशीय शैक्षणिक विकास समिति के सम्माननीय गण उपस्थित रहे। इसी के साथ रविवार को भी भगवान श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भव्यता से मनाने दिया संदेश।

### खेत में हल चलाने को लेकर भाई भतीजों के बीच हुई मारपीट

**परासिया।** :- उमरेठ थाने में एक किसान परिवार के द्वारा मारपीट किए जाने की शिकायत दर्ज कराई गई है । जिस पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है ।शिकायतकर्ता कुम्हारी मोहल्ला उमरेठ निवासी शेख सनवर मंसूरी पिता शेख हबीब मंसूरी ने उमरेठ थाने में शिकायत दर्ज कराई , कि मंगलवार सुबह जब वह भिड़का उमरेठ में स्थित अपने खेत पर हल चलाने गया , तब इसका सबसे छोटे भाई इकबाल मंसूरी के पुत्र इमरान और इरफान मंसूरी ने उसके साथ गंदी गंदी गाली गलौच की और मारपीट की । उसे खेत में हल चलाने से रोका । इस दौरान उसका भाई इकबाल मंसूरी भी आ गया । जिसने भी उसके एवं उसके पुत्र और पत्नी के साथ भी मारपीट की । जिसमें तीनों को चोट आई । इनकी शिकायत पर पुलिस ने इकबाल मंसूरी और उसके दोनों पुत्रों के खिलाफ धारा 294 , 323 , 506 , 427 और 34 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है । पीड़ित सनवर मंसूरी ने बताया , कि वह तीन भाई है । जिसमें वह मंझला है । सभी भाई अलग - अलग रहते हैं । सनवर के साथ रहती है । जिसे अब आंख से दिखाई नहीं देता । पीड़ित की मां कुरैशा बी ने अपना दो एकड़ खेत पीड़ित सनवर के पुत्र के नाम कर दी थी । जिसको लेकर व्यवहार न्यायालय में वाद चला और पीड़ित सनवर के पक्ष में फैसला आया । इसके बाद वह अपने खेत पर हल चलाने गया था , लेकिन छोटा भाई इकबाल मंसूरी के द्वारा खेत पर जबरन कब्जा कर रखा गया है , जो उसे खेत पर जाने से अक्सर रोकता रहता है पीड़ित का पुत्र किडनी पेशेंट है । उसके साथ भी मारपीट की गई इसके अलावा उनका फोन भी छुड़ा लिया गया है ।

### बफर का सफर को लेकर एसटीआर ने जारी की दरों की सूची

# एसटीआर बफर क्षेत्र में पर्यटकों को दिख रहे बाघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

मध्य प्रदेश पर्यटन और सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के सयुक्त तत्वाधान में 'बफर में सफर' अभियान जारी है। इसे लेकर पर्यटको के लिए शुल्क की सूची जारी की गई है। देनवा बफर के वन परिक्षेत्र अधिकारी आरपी श्रीवास्तव ने बताया कि पर्यटको के लिए शुल्क सूची जारी की गई है ।

मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड ने वन्यजीव प्रेमियों को मानसून के दौरान प्रदेश के राष्ट्रीय उद्यानों और वन्यजीव अभयारण्यों में सैर करने के लिए आमंत्रित करने का अभियान 'बफर में सफर' 2022 में शुरू किया था । इस अभियान से अब पर्यटक मानसून के दौरान राष्ट्रीय उद्यानों के भव्य आकर्षण का लुत्फ उठा सकेंगे। अभियान में स्वच्छता एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके मुताबिक, मानसून के दौरान जुलाई एवं सितंबर के बीच जंगलों का मुख्य क्षेत्र बंद हो जाता है, लेकिन अन्वेषण के लिए जंगल के बफर क्षेत्र खुले रहते हैं। मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड ने वन्यजीव प्रेमियों को मानसून के दौरान प्रदेश के राष्ट्रीय उद्यानों और वन्यजीव अभयारण्यों में सैर करने के लिए आमंत्रित करने का अभियान 'बफर में सफर' शुरू किया है। पर्यटक बफर जोन में विभिन्न वन्यजीवों को देखने के रोमांच के अलावा, मानसून के दौरान जंगलों के हरे-भरे प्राकृतिक सौंदर्य दर्शन का भी आनंद ले सकेंगे। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश में बाघों की सर्वाधिक 526 संख्या होने की वजह से इसे 'टाइगर स्टेट ऑफ इंडिया' घोषित किया गया है।बफर में सफर योजना अंतर्गत शुल्क देनवा बफर के परिक्षेत्र अधिकारी आरपी श्रीवास्तव ने बताया कि प्रवेश शुल्क, ऑन लाइन बुकिंग हेतु विभाग की बे ब सा इ ड www.mpforest.gov.in पर रजिस्ट्रेशन करना होगा। बफर का सफर में पर्यटन गतिविधि,रूट पैदल ट्रेंकिंग डहेलिया से देनवा नदी हाथी पहाड़ दूरी 05 किमी तथा विस्थापित ग्राम डुण्डी से हवाई दुर्घटनाग्रस्त पहाडी तक 03 किमी क्षेत्र में पर्यटक संख्या 04,गाइड 01 के लिए शुल्क 960 (120 प्रति तथा गाइड 480) रूपये है।12 वर्ष से कम उम्र कम के बच्चों को पैदल ट्रेंकिंग में प्रवेश नही दिया जाएगा। कम से कम 04 व्यक्तियों का जाना अनिवार्य है। इसी तरह साईकिल सफर सीताडोगरी प्रवेश द्वार से डहेलिया का शुल्क 960/- तथा वाहन सफारी (पेट्रोल) सीताडोगरी से हुण्डी बाया, डहेलिया रूट में 6 पर्यटक 2 ड्रायवर गाइड प्रवेश वाहन सहित कुल शुल्क 1580/- तथा नाइट सफारी सीताडोगरी से डुण्डी बाया, डहेलिया रूट का कुल शुल्क 5680 निर्धारित है।



**संपर्क** - पर्यटक (1) प्रातः 06 बजे 09 AM तक (2) 09 AM बजे 12 PM तक (3) 03PM बजे 06 PM तक (4) 06PM बजे 09 PM तक संपर्क सूत्रः- आरपी श्रीवास्तव, परिक्षेत्र अधिकारी देनवा बफर 8103125181, विष्णुकांत त्रिपाठी,परिक्षेत्र सहायक देलाखारी 9479528849, वनरक्षक दिनेश ऊइके 9669091410बफर का सफर बैरियल संपर्क नं. 8815704212

## शोभायात्रा ने किया नगर भ्रमण, भक्तिमय हुआ दमुआ का माहौल, बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी रहे शामिल

# श्री मनोकामेश्वर हनुमान मंदिर से निकाली विशाल त्रिशूल शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ



श्री मनोकामेश्वर हनुमान मंदिर वार्ड नंबर 8 - दमुआ माईनस से महावीर बजरंगबली की भव्य त्रिशूल यात्रा दिनांक 14 जनवरी दिन रविवार को निकली गई यह त्रिशूल यात्रा सुबह 9:00 बजे हनुमान मंदिर से प्रस्थान कर 22-23 खदान से होते हुए 8 नंबर ,बैरियर ,बस स्टैंड से होते हुए इंदिरा चौक पहुंची व पूरे दमुआ का नगर भ्रमण कर पुलिस थाने के सामने से होते हुए रामनगर फिर पुनः मंदिर पहुंचकर त्रिशूल भेंट किया व यात्रा का समापन हुआ। जैसा कि सभी भक्तजनों को ज्ञात है कि 22 जनवरी 2024 को भगवान श्री राम के अयोध्या में बना रहे भव्य आकर्षक मंदिर में श्री राम के बाल रूप नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी इस उत्सव इस भव्य उत्सव के दौरान 22 जनवरी 2024 दिन सोमवार को मनोकामेश्वर हनुमान मंदिर वार्ड नंबर 8 - दमुआ माईनस मे राम कीर्तन भजन एवं हवन पूजन पूर्णाहुति आरती के पश्चात शाम 4:00 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है ।अतः इस पुनीत अवसर पर आप सब समस्त राम भक्त अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रसादी ग्रहण करने की कृपा करें ।जबकि श्री मनोकामेश्वर हनुमान मंदिर समिति वार्ड क्रमांक 8 - दमुआ माईनस ने समस्त धर्म प्रेमियों ,भक्त श्रद्धालुओं समाज सेवियो, भक्त जनों से आवाहन आग्रह किया है कि भगवान प्रभु श्री राम जी ,हनुमान जी के विभिन्न कार्यक्रम आयोजन में सहभागी बनकर आप सभी उनका आशीर्वाद एवं कृपा प्राप्त करें एवं अपने जीवन को धन्य बनाए।

### पेंशनरों की मीटिंग संपन्न

**दमुआ** । सांई शारदा स्कूल दमुआ में मध्य प्रदेश पेन्शनर समाज की दमुआ बैठक रखी गई। कार्य कारी अध्यक्ष श्री माहोरे, सचिव श्री आर एस परिहार ने सर्वप्रथम सरस्वती माता के छायाचित्र के समक्ष पूजन किया। उसके पश्चात सचिव श्री आर एस परिहार ने उपस्थित सभी पेंशनरों को संबोधित करते हुए बताया कि जिस किसी पेंशनर की कोई भी समस्या है तो वह लिखकर अवश्य दे। उन्होंने यह भी कहा कि पेन्शनर समाज मध्य प्रदेश के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री माननीय डॉक्टर मोहन यादव जी को मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने पर एक बधाई पत्र भेजेगें। साथ ही उस बधाई पत्र में पेन्शनरो के लिए चार प्रतिशत महंगाई भत्ता की भी मांग की जावेगी। श्री तोमर सर , सेवानिवृत्त प्राचार्य, श्री माहोरे सर, श्री आशीष वस्त्रकार, श्रीमती यादव मेडम, ने अपने विचार व्यक्त किये। अंत में श्री आर एस परिहार सचिव ने सभी पेंशनर्स को आज की मीटिंग में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद दिया।



### सूर्य नमस्कार कर स्वस्थ जीवन जीने की कला सीखे

**दमुआ।** सीएम राईज स्कूल दमुआ में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमुआ में दिनांक 12 जनवरी दिन शुक्रवार को स्कूल परिसर प्रांगण में सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम आयोजन किया गया सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजन में स्कूली छात्रों एवं शिक्षक शिक्षिका विद्यालय प्रभारी, प्राचार्य और स्कूल स्टाफ विद्यालय परिवार दमुआ द्वारा सूर्य नमस्कार योगासन प्राणायाम योग किया गया एवं बताया गया कि प्रतिदिन योग करना चाहिए जिससे कि आप और हम हमेशा स्वस्थ निरोगी बने रहे स्वस्थ जीवन जीने की कला सीखे । कार्यक्रम मे प्रभारी श्री प्रकाश खरे ,प्राचार्य मोहम्मद राशिद सिद्दीकी जी,परतेती सर,श्रीवास्तव सर, प्रहलाद पाल सर ,ताराम सर ,भलावी सर ,सोनी सर जी सहित समस्त स्कूल स्टाफ सूर्य नमस्कार में उपस्थित थे।

## इंटरस्कूल कॉम्पिटिशन खिलाड़ियों को बांटे पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

सोमवार को तहसील में सभी प्राइवेट स्कूल मिलकर इंटर स्कूल कॉम्पिटिशन कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजन में कुल 14 स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। स्पोर्ट्स कॉम्पिटिशन 27 दिसंबर से शुरू हुआ था।

स्पोर्ट्स कॉम्पिटिशन में बालक एवं बालिका हेतु खेल - खो-खो, कब्बड़ी, क्रिकेट, दौड़, शतरंज, वॉलीबॉल, नींबू दौड़/मेंढक दौड़ आदि खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के लिए सभी भाग लेने वाले स्कूल के छात्र/ छात्राओ में काफी उत्साह देखने मिला है। स्पोर्ट्स खेलो के समापन पर पुरस्कार वितरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें सपोर्ट कंपटीशन के दौरान उत्तर प्रदेश प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं एवं टीमों को आयोजन कमेटी की ओर से सभी खेलो में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले सभी बच्चो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी मदनलाल गोरले, किशोर देवपुजारी,जयंत गुरु,अनिल खबोलकर,अनिल ठाकरे,हर्षल काले,प्रभाकर बंजारी, चित्रसेन रबड़े निलेश ठाकरे, आदि थे।श्री गोरले ने कहा की बच्चो का शिक्षा के साथ- साथ शारीरिक विकास भी होना चाहिए। इंटर स्कूल कॉम्पिटिशन (प्राइवेट स्कूल) समिति सौसर के रवि कोठेकर ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन पिछले वर्ष किया गया था। जिसमे पांच स्कूल ने हिस्सा लिया। इस साल 14 स्कूल ने हिस्सा लिया है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे विकसित संकल्प भारत यात्रा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सवरनी, वैरागढ में ₹विकसित भारत संकल्प यात्रा₹ मे लाभार्थियों से संवाद किया। इस दौरान ग्राम पंचायत की ओर से सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की।आयोजन को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहड ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ गाँव-गाँव तक पहुंच रहा है। ताकि कोई भी परिवार केन्द्र की मोदी सरकार की योजना से वंचित न रहे। विभिन्न योजनाओं से सरकार के द्वारा हर परिवार हर व्यक्ति और मध्य प्रदेश और देश के हर गाव का विकास किया जा रहा है। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भुते, नारायण वाडोडे, अविनाश भुते,प्रीतम राऊत,विवेक गायकवाड़, भाजपा अ.जा खेमराज सोनेकर, कढ़ैय्या सरपंच दिनेश भलावी, शैलेन्द्र बागड़े, ग्राम सवरनी सरपंच प्रतिभा खिरडकर ,अंकुश खिरडकर , महेंद्र खिरडकर , सुनील डवरे, कृष्णा मोहोड, वेरागढ़ ग्राम पंचायत सचिव कैलाश गजभिए, सरपंच श्रीमती अर्चना दुबे आदिमौजूदरहे।



## विधायक ने किया राम पत्रक का पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ



ग्राम खमारपानी में चौरई विधायक सुजीत सिंह चौधरी,ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह ठाकुर,बंटी साहू,नगर अध्यक्ष लेखराम मालवीय, ने हनुमान मंदिर में खमारपानी क्षेत्र में श्रीराम पत्रक लेखन कार्य पत्रक का पूजन पश्चात राम रक्षा स्तोत्रम का वितरण किया गया।साथ ही महिला मंडल के द्वारा दिनभर भगवान श्रीराम जी भजन का गायन किया गया। तत्पश्चात भंडारा आयोजन किया गया।इस द्वारान मानिकराम मर्सकोले ,अतरलाल कुमरे,नरेश साहू, महेन्द्र सिंह ठाकुर,बंशी उईके,राजेश साहू,धर्म उत्सव प्रकोष्ठ अध्यक्ष तरूण मालवीय ,धनपत उईके,किरण कोड़पे,बसंत धुर्वे,अनुज पाण्डेय, अनिल चौरसिया,श्रीमति छाया साहू,ललित डोंगरे,नीलकमल सरयाम,शिवम् सरयाम, तुलसीराम सरयाम, टीकाराम धुर्वे,डोमा कुमरे,शंकर डोंगरे,राजकुमारी वर्मा,मंजू पाठरे,लता फारकारे,सहित राम भक्त मौजूद रहे।

### आई.टी. स्कूल में मकर संक्रांति एवं पतंग उत्सव का हुआ आयोजन

**बिछुआ।** आई टी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल झामटा, बिछुआ द्वारा दिन सोमवार दिनांक 15/01/2024 को विद्यालय में मकरसंक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में तिल प्रसाद का वितरण किया गया जिसमें बच्चों द्वारा लाए गए तिल से बने लड्डू एवम् प्रसाद को मिलाया गया जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में सामाजिक समरसता के भाव को जागृत करना एवम् एक बेहतर नागरिक बनाना हैं। इसके साथ ही पतंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने अतिउत्साह के साथ भाग लिया। इन सब प्रयासों का उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति के प्रति जागृत करना एवम् अपनी जड़ो से जोड़ना हैं।



## वन विभाग ने बच्चों को मनोरंजक तरीके से पढ़ाया पर्यावरण का पाठ

# वन परिक्षेत्र पश्चिम लांजी सामान्य द्वारा अनुभूति शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज लांजी।



मध्यप्रदेश शासन वन विभाग द्वारा अनुभूति कार्यक्रम 2023-24 के अंतर्गत वन, वन्यप्राणी एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के उद्देश्य एवं अनुभूति 2023-24 की थीम में भी बाघ पर मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड के समन्वय से वन परिक्षेत्र पश्चिम लांजी सामान्य द्वारा आज 16 जनवरी को सोनेसराड़ से गांगजीराजा के वनक्षेत्र में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन संपन्न कराया गया। जिसमें लांजी तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम पाथरगांव के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाथरगांव से 131 विद्यार्थीयों का समूह शामिल हुआ। उक्त अनुभूति कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पक्षी दर्शन, वन्यप्राणी दर्शन, प्रकृति पथ भ्रमण एवं वन, वन्यप्राणी व पर्यावरण से संबंधित रोचक जानकारियों से अवगत कराया गया। साथ ही बच्चों को वनविभाग द्वारा स्वाष्टि स्वल्पाहार भी कराया गया।

### विद्यार्थियों को दी गई वन से संबंधित जानकारी

शिविर में सम्मिलित हुये प्रत्येक बच्चे को अनुभूति वैग, केप, पठनीय सामग्री, स्टीकर, पेन, ब्रोशर, बैच प्रदान किये गये। शिविर के प्रारंभ में में भी बाघ गीत, प्रतिभागियों द्वारा गाया गया। साथ ही विद्यार्थियों को पक्षी दर्शन, वन्यप्राणी दर्शन, प्रकृति पथ भ्रमण एवं वन, वन्यप्राणी व पर्यावरण से संबंधित रोचक गतिविधियों कराई गई तथा जानकारी प्रदान कर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया गया। शिविर के दौरान छात्र-छात्राओं को औषधीय पौधों सम्बंधी जानकारी म.प्र. राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा प्रदाय किये गये सेम्पल के माध्यम से दी गई। कार्यक्रम के अंत में शिविर में सम्मिलित बच्चों को शपथ दिलाई जाकर पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र वितरण किये गये।

### अनुभूति कार्यक्रम में इनकी रही मौजूदगी

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य एवं बेटा बचाओ अभियान की राष्ट्रीय सचिव श्रीमती ज्योति ईश्वर उमरे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। मास्टर ट्रेनर ज्ञानचंद मिश्रा के साथ ही वन परिक्षेत्र पश्चिम लांजी सामान्य एसडीओ राकेश अड़कने, उपवन क्षेत्रपाल श्रीमती नेहा घोड़ेश्वर, वनपाल श्रीमती इंदिरा गर्ग, श्यामलाल चिचले उपवन क्षेत्रपाल, रविंद कुमार सोनवाने, वनपाल संजय विश्वकर्मा, अमोल सिंह धुर्वे, करीम खान, संतोष गज्जाम, वनरक्षक अमरनाथ नंदा, विशाल आसटकर, अमरदीप गजभिये, उमेंद्र सिंह सोलंकी, संजय दुरूग्गकर, नकुल वरकड़े, संगीता ककोड़े, प्रियंका रामटेके, रत्नकला भलावी के अलावा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाथरगांव से आर.के कावड़े, आर.के. घोरमारे, सुश्री प्रीति कालबेले, श्रीमती रेखा भालाधरे, नरेंद्र कुमार सोनटके, ललित धारणे एवं नारायण एड़े सहित अन्य लोग शामिल रहे।

### आईडियल एकेडेमी के 8 विद्यार्थियों ने की सफलता हासिल

**वारासिवनी।** ओलंपियाड फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा दिसम्बर माह में आयोजित अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड परीक्षा 2023 के प्रथम चरण में स्थानीय आईडियल एकेडेमी वारासिवनी के 8 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल कर द्वितीय चरण में प्रवेश की पात्रता हासिल की हैं। जिससे विद्यार्थियों के पालकों व संस्था में हर्ष व्याप्त हैं। इस आशय की जानकारी देते हुए आईडियल एकेडेमी के संचालक सुनील सिंह ने बताया कि 1 दिसम्बर 2023 को ओलंपियाड फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड परीक्षा 2023 का आयोजन किया गया था। जिसमें संस्था के 8 विद्यार्थियों क्रमशः कक्षा 3 री के 3 विद्यार्थी क्रमशः भीष्य पिता राजेन्द्र पटले, प्राची पिता मनोहर कावरे व वर्णिका किशोर बसेने, कक्षा 4 थी का लोमेन्द्र नरेश केकते, कक्षा 5 वीं से युग शैलेन्द्र पटले, कक्षा 6 वीं से नैनसी राजेन्द्र ठाकुर, कक्षा 7 वीं से अक्षत जितेन्द्र पटले व कक्षा 10 वीं से राजवीर सिंह अनिल नगपुरे ने स्थान पाकर संस्था का नामा रोशन किया हैं।

## राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस मनाने जपं. लांजी में आवश्यक बैठक संपन्न

# गणतंत्र दिवस की तैयारियों के लिए एसडीएम ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज लांजी।



जनपद पंचायत लांजी क्षेत्रांतर्गत 26 जनवरी 2024 राष्ट्रीय पर्व मनाने हेतु आज 16 जनवरी को जनपद पंचायत लांजी के सभाकक्षा में दोपहर 2 बजे से आवश्यक बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस को मनाने हेतु आवश्यक रूपरेखा तैयार किये जाने के लिये गया। बैठक में एसडीएम प्रदीप कौरव ने जनपद क्षेत्र अंतर्गत आने वाले समस्त विभागो को निर्देश दिए कि इस बार शासकीय कार्यालयों में रोशनी 21 जनवरी से 26 जनवरी तक करनी होगी। साथ ही सीईओ, सीएमओ,व समस्त विभाग ध्वज संहिता के पालन के लिए अपने अधीनस्थ कार्यालयों को अवगत कराएंगे। डीपीसी मुख्य रूप से अपने अधीनस्थ आने वाली स्कूलों व संस्थाओं को ध्वजारोहण व उतारने के लिए लिखित में आदेशित करेंगे। बैठक में श्री कौरव ने उन विभागों को झांकिया निकालने के निर्देश दिए है जो शासन की विभिन्न योजनाओ को संचालित कर रहे है। मुख्य रूप से ऐसे विभाग जो आम नागरिकों से जुड़े है। इसमें जिपं, शिक्षा, कृषि, उद्यानिकी, सहकारिता, मत्स्य, पशुपालन, पुलिस, जनजाति कार्य विभाग, पीएचई, स्वास्थ्य, खेल, एमपीईबी से झांकियों की थीम की जानकारी ली। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी प्रदीप कौरव, जनपद सीईओ शफी मोहम्मद कुरैशी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती अर्चना खोंगल, उपाध्यक्ष अजय अवसरे, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रेखा कालबेले, उपाध्यक्ष संदीप रामटेक्कर, सीएमओ राजीव लोचन कटारे, बीएमओ डॉ. प्रदीप गेडाम, जनपद सभापति दिनेश लाड़े, जप. सदस्य महेंद्र पटेल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक जशिके. लांजी एवं पत्रकार मयुर सुले, पवन कश्यप, दिनेश रामटेक्कर, संजय टेंभरे, गोपाल सिल्लारे, रामानुज तिड़के सहित समस्त शासकीय एवं अशासकीय शालाओं के प्राचार्य एवं अन्य शासकीय/अशासकीय विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नियमित कार्य नहीं मिलने से सामाजिक एनिमेटर परेशान

# कटंगी विधायक गौरव सिंह पारधी को अंसेरा में सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी अन्य हितग्राही मुलक केंद्रीय योजनाओं के सामाजिक अंकेक्षण कार्य के लिए नियुक्त सामाजिक एनिमेटर नियमित रूप से कार्य नहीं मिलने से बहुत परेशान है. अपनी इस परेशानी को लेकर विकासखंड कटंगी की तमाम सामाजिक एनिमेटरों ने कटंगी विधायक गौरव सिंह पारधी को सोमवार की शाम अंसेरा पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है. इस ज्ञापन के जरिए सामाजिक अंकेक्षणकर्ताओं ने शासकीय कर्मचारियों को दर्जा दिए जाने और न्यूनतम 18 हजार रुपए मासिक वेतन और भत्ता दिलवाए जाने की मांग रखी. इसके अलावा अनारक्षित सामाजिक एनिमेटर को आरक्षित कर भेदभाव समाप्त करने, राज्य सरकार सहित भारत सरकार के द्वारा संचालित सभी योजनाओं को सामाजिक अंकेक्षण में समाहित करने, सामाजिक अंकेक्षण का कार्य करने वाले सामाजिक एनिमेटर सहित सभी कर्मचारियों को मेडिकल बीमा और टर्म इंश्योरेंस की सुविधा प्रदान कराए जाने सहित अन्य मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

मध्य प्रदेश सामाजिक अंकेक्षण कर्मचारी संघ की प्रदेश अध्यक्ष शीला धनवारे के निर्देश पर सामाजिक ऐनिमेटर ने क्षेत्रीय विधायक को ज्ञापन सौंपते हुए नियमित तौर पर सरकार से काम दिलवाने की मांग रखी है. दरअसल, ग्राम सामाजिक एनिमेटर को मध्य प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत गठित मध्य प्रदेश संपरीक्षा समिति के तहत निर्धारित मानदंडों के अनुसार सामाजिक अंकेक्षण कार्य के लिए चयनित किया गया था लेकिन नियमित तौर पर इन्हें रोजगार नहीं दिया जा रहा है. ऐसे में कई सामाजिक एनिमेटर बेरोजगारी का सामना कर रहे है. रोजगार नहीं मिलने के कारण इन सामने रोजी-रोटी तक का संकट मंडरा रहा है. जिसके चलते सामाजिक एनिमेटर वीरेन्द्र भुंतागें, छाया शिवहरे, राजकुमार खरोले, सीमा भलावी, वृंदा पुष्पतोड़े, दुर्गा वासनिक, हेमलता पटले, कल्पना परिहार, माया पारधी, निशा पटले, इंदिरा भगत, देवश्री भगत, ललीता गौतम, सेशकला राहंगडाले, सुनीता चौधरी, रीना डोंगरे आदि ने ज्ञापन सौंपकर नियमित कार्य दिलवाने की मांग रखी है।

## श्रीराम सेना ने थाने में सौंपा ज्ञापन: गौ तस्करी करने और अवैध वसूली करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



गौ तस्करी करने वाले तस्करों से मिलीभगत कर पशु तस्करी के व्यापार में लिप्त और किसानों तथा व्यापारियों को परेशान करने वाले युवक रौनक लारोकर और उसके साथियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग को लेकर मंगलवार को श्री राम सेना संगठन के पदाधिकारियों ने थाने में एक ज्ञापन सौंपा है. दरअसल, वार्ड क्रमांक 05 निवासी रौनक लारोकर और एक अन्य अज्ञात युवक पर हिन्दू धार्मिक संगठन का नाम बताकर अवैध वसूली करने की शिकायत मुरझड़ निवासी मनोज कर्मे ने की है. पुलिस ने रौनक और एक अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध किया है. सोमवार को विहिप और बजरंग दल पदाधिकारियों ने पीड़ित मनोज कर्मे के साथ कटंगी थाने पहुंचकर मामला दर्ज करवाया था. वहीं मंगलवार को श्रीराम सेना संगठन के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

बता दें कि रौनक लारोकर पूर्व में श्रीराम सेना संगठन का पदाधिकारी रहा है. बताया जा रहा है कि करीब 02 साल पहले ही उसे संगठन विरोधी गतिविधियों और अवैध वसूली की शिकायतों के चलते निष्कासित कर दिया गया था लेकिन इसके बावजूद वह संगठन के नाम पर अवैध गतिविधियों में लिप्त था. पुलिस ने अवैध वसूली करने वाले रौनक लारोकर सहित एक अन्य अज्ञात के खिलाफ भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 294, 323, 341, 327, 506, 34 की कार्रवाई की है. फिलहाल तो रौनक फरार है वहीं कमलेश मराठे नाम का वह युवक जिनसे अवैध वसूली की राशि अपने बैंक खाते में ली थी उसे पुलिस ने हिरासत में लिया है जिससे पूछताछ जारी है. वहीं रौनक लारोकर की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम पंचायत हट्टा में ड्रोन का प्रदर्शन किया गया



हरिभूमि न्यूज हट्टा।

केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुँचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत हट्टा में पहुँची जिसमें श्री शंकरलाल बिसेन जनपद पंचायत बालाघाट उपाध्यक्ष, श्री महेश शरणागत, डॉ तुकडादास वैध, श्रीमती रंजना वैध जनपद पंचायत सदस्य, ग्रामपंचायत हट्टा सरपंच श्री उमेश सोनेकर, उप सरपंच श्री विरेंद्र बिसेन, नितेश सोनेकर, विकास हजारी , श्रीमती शीला पटले, महेश गुप्ता, राजु बुर्रे, ग्राम पंचायत हट्टा सचिव राजेन्द्र पिछोडे एवं समस्त पंच उपस्थित रहे । विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान श्री विकास हजारी क खेत मे ड्रोन का प्रर्दशन किया गया जिसमें ग्रामीणजन उपस्थित रहे। केन्द्र सरकार के द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे उज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, आदि योजनाओं की जानकारी यात्रा में उपस्थित पदाधिकारी द्वारा आम जनता को दी गई।

## खबर संक्षेप

### हज़रत ख्वाजा गरीब नवाज़ अजमेरी रह. का उर्स मुबारक आज से



**बालाघाट।** हज़रत हक्कू शाह बाबा उर्स कमेटी और ख्वाजा गरीब नवाज उर्स कमेटी मेन रोड़ बालाघाट ने विज्ञाप्ती जारी कर बताया कितारीख़ 17,18 जनवरी 2024 को उर्स होगा। प्रोग्राम तारीख 17 जनवरी 2024 बाद नमाज ईशा महफित.मिताद शरीफ व तकरीऱ तारीख 18 जनवरी 2024 सुबह 8 बजे कुरआॅन रव्वानी, शाम 6 बजे से लंगर ए आम रहेगा तथा रात 9 बजे से महफ़िले शमा- कव्वाली रहेगी। तमाम अकीदतमंदों की तरफ से चादर, अजमेर शरीफ़ भेजी जाएगी। ख्वाजा गरीब नवाज उर्स कमेटी और हजरत हक्कूशाह बाबा उर्स कमेटी मेन रोड,बालाघाट ने बालाघाट जिले, प्रदेश वा देश की जनता से इस उर्स में आने की गुजारीस की है तथा सभी कार्यक्रमों में उपस्थति की अपील की है।

### स्वास्थ्य उपचार के लिए 2 जरूरतमंदों को रेडक्रोस से सहायता स्वीकृत



**बालाघाट।** जमसुनवाई के दौरान कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के समक्ष दो ऐसे मामलें प्रस्तुत हुए है। जिन्हें स्वास्थ्य उपचार के लिए सहायता राशि की अत्यंत आवश्यकता रही। संवेदनशील दोनों प्रकरणों में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने तुरंत सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए। इसमें कैंसर बीमारी से जूझ रही रेखा शर्मा ने कीमो थैरेपी में आ रही समस्याओं को देखते हुए आवेदन प्रस्तुत किया। इसी तरह अनिता शर्मा के उपचार के लिए भी राशि की स्वीकृत की गई है। रेखा शर्मा को 25 हजार व अनिता को 20 हजार रुपये के चैक चेम्बर में ही प्रदान किये।

## कनकी सरपंच, सचिव पंचायत की राशि में कर रहे गोलमाल


# 5 वें वित्त आयोग की राशि में जमकर लूट !


हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जनपद पंचायत लालबर्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत कनकी में वर्ष 2023 में पांचवा वित्त आयोग की राशि में सरपंच दुर्गा पगरवार तथा सहायक सचिव गणेश गौतम के द्वारा फर्जीवाड़ा करते हुए स्थानीय होटल के कच्चे बिलों को लगाकर शासन की राशि की अफरा-तफरी कर रहें हैं। कनकी स्थित कृष्णा अर्जुन बेकरी के नाम पर 7300 रू. की मिठाई का बिल लगा कर तथा दिशा होटल एवं रेस्टारेंट के नाम पर 7780रू. की चपत लगाई हैं। जिनमें दिनांक 16.11.2023 से 17.11.2023 तक चाय-नास्ता दर्शाया गया हैं। वहीं रवि पेंटिंग के नाम पर 7500रू का भुगतान दिखाया जा रहा हैं। वहीं दुर्गा डेकोरेशन के नाम पर 8250रू का भुगतान दिखाया जा रहा हैं। वहीं सहायक सचिव गणेश गौतम के अपने अलग कारनामें हैं। ग्रामीणों के द्वारा बताया जा रहा हैं कि इनके द्वारा एक अशासकीय स्कूल का संचालन किया जा रहा हैं। जिसमें इनके रिश्तेदार के द्वारा कार्य किया जाता हैं। पांचवा वित्त आयोग की राशि से 9.11.2023 को ममता गौतम के नाम पर 2100रू का भुगतान दिखाया जा रहा हैं, संतोष गौतम के नाम पर 1500 रू तथा महेश गौतम के नाम पर 2100 रू का भुगतान दिखाया जा रहा हैं। सचिव के द्वारा बहुत ही चालाकी पूर्वक बिलों को धुंधला करके पंचायत दर्पण में लगाया गया हैं ताकि आमजन इसका अवलोकन न कर सकें।

सहायक सचिव गणेश गौतम ग्राम की जनता को बतायें कि उन्होंने अपने रिश्तेदारों को किस कार्य के लिए भुगतान किया हैं। वहीं वर्ष 2023 में कांजी हाउस निर्माण के नाम पर सामाग्री खरीदी में श्री बालाजी हार्डवेयर, कुणाल हार्डवेयर को लाखों के भुगतान दिखाये जा रहें हैं। इन बिलों को भी सचिव के द्वारा बहुत चालाकी पूर्वक दर्पण पर लोड किया गया हैं। किस कार्य के लिए इतना भुगतान हार्डवेयर को किया गया हैं तथा कौन सी सामाग्री किस दर से खरीदी की गई हैं। जांच का विषय हैं?

वरिष्ठ अधिकारी अगर इन बिलों की ईमानदारी से जाचं करें तो सरपंच, सचिव पर लाखों का गबन निकलेगा। वहीं 36वीं बटालियन केम्पस में नाला पथोपचार के नाम पर लाखों का भुगतान मजदूरी में दिखाया गया हैं। हरिभूमि समाचार के द्वारा मस्टररोलो की पड़ताल की जा रही हैं, शीघ्र ही आगामी अंक में मजदूरों के नाम उजागर किए जायेंगे।










## 31 जनवरी तक अनुभूति के अंतर्गत होंगे कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** दक्षिण सा. उपवनमंडलाधिकारी श्रीमती विनीता फुलबेल ने जानकारी देते हुये बताया कि जिले के विभिन्न परिक्षेत्र में अनुभूति कार्यक्रम वर्ष 2023-24 का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत बालाघाट के बजरंगघाट, पंडार झरना केरा बीटकेरा में 18 व 23 जनवरी, लौगुर के बीट जैतपुरी भाग-1 कक्ष 33, बीट घोंदी में 19 व 20 जनवरी, हट्टा के गायघाट (कोठियाटोला), पीपरझरी कक्ष क्र. 686 में 19 व 22 जनवरी, वारासिवनी के बॉटनिकल गार्डन कक्ष 513, महादेव पहाड़ी (रमरमा) कक्ष 458 में 20 व 23 जनवरी, लालबर्रा के चिखलाबड्डी, नवेगांव (बेरियर के पास), 13 व 18 जनवरी, किरनापुर के मंडवाझरी तालाब कक्ष 714, गायमुख बीट ककोड़ी कक्ष 722 में 27 व 30 जनवरी, कटंगी के वनग्राम कछार पांडरवानी 476, नागदेव मंदिर 793 बीट कोयलारी में 13 व 23 जनवरी, खैरलांजी के बीट मुरझड़ कक्ष क्र. 550, बाबा फरीद पहाड़ी कक्ष क्र. 809 में 16 व 22 जनवरी, पूर्व लांजी के गांजीराजा, वारी डेम में 16 व 24 जनवरी तथा पश्चिम लांजी के कांद्रीघाट कक्ष क्र. 634 व पीपलगांव बीट कक्ष 733 में 29 व 16 जनवरी को कार्यक्रम किये जायेंगे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का ग्राम सिहोरा में कृषकों को कृषि को डेमो से कीटनाशक का छिड़काव के बारे में बताया गया



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प यात्रा जो किरनापुर तहसील की ग्राम सिहोरा एवं चिखला में पहुंची। जहां जनपद पंचायत के अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह एवं समस्त पदाधिकारी जनपद पंचायत किरनापुर के तथा एसडीएम सुधाकर सिंह बघेल व महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागों के कर्मचारियों द्वारा शिविर लगाकर कृषकों एवं जनता ग्रामीणों को योजनाओं के बारे में बताया गया।किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग विकासखंड किरनापुर के तत्वाधान में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के अंतर्गत आज ग्राम सिहोरा एवं चिखला में कृषक खेत पाठशाला का आयोजन किया गया ।इस दौरान कृषि विभाग के पदाधिकारी के द्वारा कृषकों के हित में संचालित होने वाली योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई ।साथ ही कृषकों के खेत में जाकर रबी की फसलों पर कीट प्रकोप पर आधुनिक ड्रोन से किट नाशक छिड़काव करने का डेमो प्रदर्शित किया गया। वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी आर एल सिंहमारे के कृषकों को प्रोत्साहित किया ।और द्रोण के माध्यम से फसलों पर किट नाशक का छिड़काव करने का तरीका बताया। इससे समय की बचत होती है ।इस दौरान आर के बिसेन ,ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, राजकुमार हल्हकार वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, कृषक श्री चोवाराम माहुले एवं अन्य ग्राम कृषक उपस्थित रहे।

## औचक निरीक्षण में खरीदी केंद्र पहुंचे बैंक सीईओ



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट अंतर्गत धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण को लेकर कलेक्टर व बैंक प्रशासक डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में बैंक सीईओ आर.सी. पटले द्वारा 16 जनवरी को खरीदी केंद्र उकवा और भंडेरी का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान श्री पटले ने परिवहन को लेकर मौके से संबंधित अधिकारी से चर्चा किया। इसके अलावा किसानों द्वारा किए गए स्लॉट बुक में से शेष कितने किसानों ने अपनी उपज खरीदी केंद्रों में लाया है इसकी जानकारी खरीदी केंद्र प्रभारी से ली गई और 200 क्विंटल से अधिक किसानों के पंजीयन के आधार किए गए सत्यापन की जानकारी नोडल से प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

### 100620 किसानों से हुई धान खरीदी

बैंक सीईओ श्री पटले ने बताया कि 16 जनवरी को पोर्टल से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के 110350 किसानों ने स्लॉट बुक कराया था। जिसमे से 100620 किसानों ने 53 लाख 98 हजार 962.55 क्विंटल धान बिक्री की है । जिसकी राशि 1178 करोड़ 59 लाख है। श्री पटले ने बताया कि 84999 किसानों को 550 करोड़ 76 लाख का भुगतान कर दिया गया है।

## सांसद बिसेन ने दिया स्वीकृति का आश्वासन: पांडे

# कटोरी हजारया तालाब के नहरीकरण की उठी मांग

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** तीन दशक पूर्व निर्मित खैरलाँजी क्षेत्रांतर्गत ग्राम कटोरी स्थित हजारया तालाब को सिंचाई की दृष्टि से नहरीकरण का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने की मांग अब प्रमुखता के साथ उठने लगी है। गत दिनों ग्राम किन्ही में विकसित भारत संकल्प यात्रा के आगमन पर मुख्य अतिथि सांसद ढालसिंह बिसेन को क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता शरद पाण्डे सहित दर्जनों किसानों ने ज्ञापन सौंप कर ग्राम कटोरी के हजारया तालाब से नहरीकरण कार्य को प्रारंभ करने की मांग उठाई। जिस पर सांसद श्री बिसेन द्वारा किसानों की समस्या को गंभीरता से लेकर मौजूद विभागीय अधिकारियों को उक्त कार्य का प्राक्कलन तैयार करने और पाईप लाईन लगाने का आश्वासन दिया गया।

**नहरीकरण से टेल के हिस्सों के खेतों में होगी सिंचाई की सुविधा:** सामाजिक कार्यकर्ता शरद पाण्डे द्वारा बताया गया कि करीब तीन दशक पूर्व खैरलाँजी क्षेत्र के ग्राम कटोरी वनांचल क्षेत्र में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा एक वृहद् तालाब का निर्माण कार्य किया गया था। जिसको हजारया तालाब के नाम से जाना जाता हैं। उक्त तालाब से नहरीकरण कार्य किया जाता है, तो क्षेत्र के टेल हिस्से वाले ग्राम कटोरी, कुम्हली, मोवाड़, चिचोली, मानेगाँव,तीजूटेकाड़ी, शंकरपिपरिया सहित फुलचूर के किसानों को सिंचाई के लिए पानी की पर्याप्त आपूर्ति होंगी और किसान आर्थिक रूप से सशक्त होंगे।

**किसानों द्वारा नहर के लिए जमीन देने के बाद भी नहीं बनी नहर:** उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में राजीव सागर परियोजना से नहर प्रवाहित की जाती है, किन्तु टेल हिस्से में इसका पानी नहीं पहुंच पाता, जिससे किसानों को सिंचाई के लिए पानी की पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो पाती। जिसको दृष्टिगत रखते हुए भू-स्वामी किसानों द्वारा नहर खुदाई के लिए खुद की जमीन भी नहर के रकबे के हिसाब से दान किया था। जिस पर कुछ दूरी तक नहर खुदाई का कार्य आरंभ किया गया था। किन्तु प्रशासनिक सहयोग अपेक्षाकृत नहीं मिलने से कार्य अवरूध्द हो गया था।

# दीपावली की तरह लोधी समाज और सर्वसमाज मनाए रामलला प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव : डॉ. लिल्हारे

### लोधी समाज की कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

पूरे देश सहित विश्व के कई देशो में आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में बने भव्य राममंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्साह का माहौल है, ऐसे में सामाजिक लोग भी बढ़-चढ़कर इस उत्सव में अपनी भूमिका निभा रहे है। इसी कड़ी में लोधी क्षत्रिय महासभा जिलाध्यक्ष डॉ. अशोक लिल्हारे ने जिले के लोधी समाज सहित सर्वसमाज के बंधुओं से अपील की है कि वह 22 जनवरी को भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को दीपावली की तरह मनाए।

लोधी क्षत्रिय महासभा जिलाध्यक्ष डॉ. अशोक लिल्हारे ने 16 जनवरी को पत्रकारों से सर्किट हाउस में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सामाजिक रूप से की जा रही तैयारियों पर विस्तृत रूप से अपनी बात रखी। इस दौरान कार्यवाहक जिलाध्यक्ष सुकदेव मुनी कुतराहे, प्रशांत मोहारे, जिला प्रमुख जितेन्द्रसिंह मोहारे, अवंतीबाई लोधी महासभा जिलाध्यक्ष सहेजलाल उपवंशी, लोधेश्वर उत्कर्ष जनचेतना संगठन जिलाध्यक्ष बी.एल. लिल्हारे, महामंत्री यशवंत लिल्हारे, युवा जिलाध्यक्ष अमित लिल्हारे, मनोज लिल्हारे, महेश मोहारे, नितिन शिवहरे, शिव नगपुरे सहित अन्य सामाजिक बंधु उपस्थित थे।



जिलाध्यक्ष डॉ. अशोक लिल्हारे ने कहा कि 22 जनवरी का दिन हम सबके लिए अविस्मरणीय दिन है, जिस दिन भगवान रामलला अपने मंदिर में प्रतिष्ठित होंगे। जिस खुशी को जिले का लोधी समाज भी पूरे उत्साह, उमंग और जोश के साथ मनाने तैयार है। हमारी जिले के सभी सामाजिक बंधुओं से अपील है कि वह भगवान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा अवसर को दीपावली की तरह मनाए। घरो में दिप जलाए, मंदिरो की सफाई कर वहां रोशनी करे।

कार्यवाहक जिलाध्यक्ष प्रशांत मोहारे ने कहा कि आस्था के इस पुणित कार्य में सभी सामाजिक और सर्वसमाज के बंधु भागीदार बनकर इस खुशी के पल को मनाए और घरो में दीपों की रोशनी करें। जिला प्रमुख जितेन्द्रसिंह मोहारे ने कहा कि 500 वर्षो के बाद यह दिन आ रहा है। जब हमें भगवान राम के साथ जुड़ने का अवसर मिल रहा है। हम सभी सामाजिक बंधु, भगवान राम के साथ जुड़कर उनके प्राण-प्रतिष्ठा को खुशियों के साथ मनाकर अपने-अपने घरो में लाईटिंग और दिपों की रोशनी करें। लोधेश्वर उत्कर्ष जनचेतना संगठन अध्यक्ष बी.एल. लिल्हारे ने कहा कि संगठन के सभी लोग, समाज के इस कार्यक्रम में साथ होंगे और सभी अपने-अपने घरो में भगवान राम की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर घरो को रोशनी सजाएंगे। अवंतीबाई लोधी महासभा जिलाध्यक्ष सहेजलाल उपवंशी ने कहा कि जिले के सभी सामाजिक बंधु भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर घरों को रोशन करने के साथ ही गांव के जिस जगह भी रानी अवंतीबाई की प्रतिमा है, वहां दीप जरूर जलाए।

## भक्ति-भजनों के बीच नपा कार्यालय में हुआ हल्दी-कुमकुम

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर राममय होगा नगर : नपाध्यक्ष भारती

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा संकल्प के साथ भारत माता की आरती के साथ नपा में किया गया हल्दी कुमकुम का आयोजन, स्वच्छता का दिलाया गया संकल्प

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** अयोध्या में जब रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी तो सैकड़ों वर्षो की प्रतीक्षा पूर्ण होगी, राम नगरी जगमग होगी उस दिन बालाघाट नगर में राममय होगा। उक्त बातें नगरपालिका परिषद बालाघाट अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने कही। नगर पालिका में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा संकल्प के साथ हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम हुआ जिसमें हजारों की सँख्या में महिलाओं ने पहुँचकर जहाँ एक-दूसरे को अखण्ड सौभाग्यवती होने की शुभकामनाएँ दी वहीं प्रभु श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर धर्ममय वातावरण में सुमधुर प्रभु भक्ति भजन गाये। भारतीय संस्कृति में किसी भी पर्व और त्यौहार को लेकर हिंदू परंपरायें और मान्यतायें जुड़ी हैं, वर्ष के पहले त्यौहार मकर संक्रांति के साथ से महिलाओं द्वारा मनाया जाने वाला त्यौहार हल्दी-कुमकुम भारतीय संस्कृति में महिलाओं के सौभाग्य का प्रतीक है। मकर संक्रांति पर सूर्य के उत्तरायण होने के साथ ही प्रारंभ हुआ महिलाओं के सौभाग्य का यह पर्व विशेष महत्व रखता है।



**रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह का दिया जायेगा न्यौता :** नपाध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर ने कहा कि सनातन धर्म के लिए भव्य श्रीराम मन्दिर अयोध्या में मर्यादा पुरूषोत्तम रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का गौरवान्वित पल आया है जिसमें 22 जनवरी को भव्य समारोह होगा। प्रभु श्रीराम जिस तरह अयोध्या में वनवास के उपरांत पहुंचे थे वही क्षण करोड़ों आस्थावान देखेंगे। हमने अक्षत कलश यात्रा निकालकर घर-घर निमंत्रण दिया है।

## वन विभाग ने दिए बच्चों को पर्यावरण की जानकारी

# वन परिक्षेत्र दक्षिण लामता सामान्य द्वारा अनुभूति शिविर का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मध्यप्रदेश शासन वन विभाग द्वारा अनुभूति कार्यक्रम 2023-24 के अंतर्गत वन, वन्यप्राणी एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के उद्देश्य एवं अनुभूति 2023-24 की थीम मैं भी बाघ पर मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड के समन्वय से वन परिक्षेत्र दक्षिण लामता सामान्य द्वारा 16 जनवरी को नेहरा नदी के सहायक परिक्षेत्र चाचेरी में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन संपन्न कराया गया। जिसमें बालाघाट सीएम राईज स्कूल के विद्यार्थी तथा समनापुर हाईस्कूल के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में भागीदारी निभाई। उक्त अनुभूति कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पक्षी दर्शन, वन्यप्राणी दर्शन, प्रकृति पथ भ्रमण एवं वन, वन्यप्राणी व पर्यावरण से संबंधित रोचक जानकारियों से अवगत कराया गया। साथ ही बच्चों को वनविभाग द्वारा स्वाष्टि स्वल्पाहार भी कराया गया।





**विद्यार्थियों को दी गई वन से संबंधित जानकारी:** शिविर में सम्मिलित हुये प्रत्येक बच्चे को अनुभूति वैग, केप, पठनीय सामग्री, स्टीकर, पेन, ब्रोशर, बैच प्रदान किये गये। शिविर के प्रारंभ में में भी बाघ गीत, प्रतिभागियों द्वारा गाया गया। साथ ही विद्यार्थियों को पक्षी दर्शन, वन्यप्राणी दर्शन, प्रकृति पथ भ्रमण एवं वन, वन्यप्राणी व पर्यावरण से संबंधित रोचक गतिविधियों कराई गई तथा जानकारी प्रदान कर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया गया।

**अनुभूति कार्यक्रम में इनकी रही मौजूदगी:** कार्यक्रम में लघु वनो उपज संघ अध्यक्ष उत्तर वनमंडल सामान्य अशोक मण्डलेकर, उपवनमंडलाधिकारी उत्तर उकवा प्रशांत साकरे, वन परिक्षेत्र अधिकारी दक्षिण लामता शिवम पुरी गोस्वामी, सरपंच मगरदर्रा, सहायक परिक्षेत्र मगरदर्रा रूपसिंह परते, सहायक परिक्षेत्र नरेन्द्र बंसोड़, वनरक्षक शेख रशीद, वनरक्षक दिशा दमाहे, वनपाल रेखा भलावी, सहायक परिक्षेत्र चाचेरी रूपेश गवने, वनरक्षक दिलीप कुमार बांते, प्रशांत चौरसिया उपस्थित रहें।